भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4651
उत्तर देने की तारीख : 31.03.2022

नई मंजिल योजना

4651. श्री पी. वी. मिथुन रेड्डी :
श्री मद्दीला गुरुमूर्तिः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) वर्ष 2020-21 में नई मंजिल योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है;

(ख) वर्ष 2020-21 में अल्पसंख्यक समूहों से जुड़ी संगठित क्षेत्र में प्रशिक्षित और रोजगार प्राप्त करने वाली महिलाओ/लड़कियो की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार का महिलाओं/लड़कियों के लिए आरक्षित सीटों को वर्तमान तीस प्रतिशत से बढ़ाने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क): नई मंजिल योजना की शुरूआत के बाद से कौशल प्रशिक्षित कुल 93485 व्यक्तियों में से केवल वित्त वर्ष 2020-21 में कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या 1965 लाभार्थी है।

(ख): वर्ष 2020-21 के दौरान अल्पसंख्यक समूहों की कुल 834 महिलाओं/लड़कियों को प्रशिक्षित किया गया है। वित्त वर्ष 2020-21 में कुल 2059 महिला लाभार्थियों (पिछले वर्षों में प्रशिक्षित महिलाओं सहित) ने संगठित क्षेत्र में रोजगार हासिल किया। योजना की शुरुआत से अब तक कुल 39635 महिला लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है।

(ग) और (घ): हालांकि केवल 30% लाभार्थी सीटें लड़की/महिला अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित की गई हैं, नई मंजिल योजना के मामले में वास्तव में प्रशिक्षित महिला लाभार्थियों का प्रतिशत 42% से अधिक है।

*****